**प्रेस नोट**

**<u>दिनांक 30.10.2025</u>**

**मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों के साथ महिला अपराध नियंत्रण पर गूगल मीट कार्यशाला ।**

अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में महिला सम्बन्धी अपराधों के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा आज दिनांक 30.10.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर में समस्त मिशन शक्ति केन्द्रों के प्रभारियों व महिला सेल के साथ अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा आयोजित गूगल मीट कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया।

इस कार्यशाला में महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, अनुश्रवण तथा जन-जागरूकता सम्बन्धी कार्यों के प्रभावी संचालन पर चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा मीटिंग में उपस्थित समस्त मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों को इन विषयों पर गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।



